TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

16 सितंबर 2025


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

न्यायपूर्ण कार्य करने से न्यायपूर्ण मनुष्य का निर्माण होता है।

अरस्तू



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The change makers
दिवस विशेष
16 सितंबर

मधु प्रिया

# विश्व ओजोन दिवस 16 सितंबर




16 सितंबर को पूरी दुनिया में विश्व ओजोन दिवस मनाया जाता है। जीवन के लिए ऑक्सीजन से ज्यादा जरूरी ओजोन है। इस दिवस के आयोजन करने की वजह है ओजोन परत के बारे में लोगों को जागरूक करना, साथ ही इसे बचने के समाधान की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना। यह ऑक्सीजन के तीन परमाणु से मिलकर बना हुआ एक गैस है, जो वायुमंडल में बहुत कम मात्रा में पाया जाता है। समुद्र तट से 30 या 32 किलोमीटर की ऊंचाई पर इसकी क्षमता अधिक होती है। यह तीखे गंध वाली विषैली गैस है। इसका आईपीसी नाम TRICKS JOHN है। इसका घनत्व 2.14 किलोग्राम/ मीटर क्यू होता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) ने 19 दिसंबर 1994 को 16 सितंबर को ओजोन परत के संरक्षण के लिए इसे अंतर्राष्ट्रीय दिवस घोषित किया। 16 सितंबर 1987 को संयुक्त राष्ट्र और 45 अन्य देशों ने ओजोन परत को खत्म करने वाले पदार्थों पर मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल के तहत हस्ताक्षर किए थे। 16 सितंबर 1995 को पहली बार विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। ओजोन लेयर के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस की वार्षिक उत्सव की अपनी थीम है और यह थीम साल दर साल बदलती रहती है।एक साल के थीम को दोबारा दोहराया नहीं जाता और हर साल अधिकारियों द्वारा एक नई और अलग थीम रखी जाती है। इस वर्ष की थीम - मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल: "ओजोन परत को ठीक करना और जलवायु परिवर्तन को कम करना"है।

# जयंती विशेष 16 सितंबर



'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' गीत के रचयिता

## श्यामलाल गुप्त 'पार्षद' को

उनकी जयंती पर कोटि-कोटि नमन।

**श्यामलाल गुप्त 'पार्षद'** Shyamlal Gupta 'Parshad', जन्म: 16 सितम्बर 1893; मृत्य: 10 अगस्त, 1977) भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक सेनानी, पत्रकार, समाजसेवी एवं अध्यापक थे। श्यामलाल गुप्त 'पार्षद', भारतीय स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान उत्प्रेरक झण्डा गीत 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा' के रचयिता थे।

# MATH TLM

31 Class-6to8

## महत्वपूर्ण सूत्र (औसत)

- प्रथम लगातार n तक की प्राकृत संख्याओं का औसत $= \frac{n+1}{2}$

जैसे :-1 से 25 तक की प्राकृत संख्याओं का औसत

हल :- $\frac{25 + 1}{2} = \frac{26}{2} = 13$

Anu Priya, Science Teacher

## भारत-पाक मैच के रिकॉर्ड्स...

## टी-20 मैच की पहली लीगल गेंद पर विकेट लेने वाले भारतीय

**हार्दिक पंड्या vs PAK**
**विकेट-** सईम अयूब
**साल-** 2025

**अर्शदीप सिंह vs USA**
**विकेट-** शयन जहांगीर
**साल-** 2024

## पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 में जसप्रीत बुमराह

| मैच | विकेट | रन दिए | छक्के दिए |
|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 132 | 2 |

## पाकिस्तान के खिलाफ भारत का बेस्ट टी-20 पावरप्ले स्कोर

| स्कोर | कब | कहां |
|---|---|---|
| 62/1 | 2022 | दुबई |
| 61/2 | 2025 | दुबई |
| 50/2 | 2024 | न्यूयॉर्क |

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **16.09.2025**

## संज्ञानात्मक विकलांगता

संज्ञानात्मक विकलांगता (**Cognitive Disability**) बौद्धिक कार्यप्रणाली में ऐसी सीमाएं हैं जो किसी व्यक्ति को सोचने, सीखने, याद रखने, निर्णय लेने और समस्या-समाधान करने की क्षमता को प्रभावित करती हैं, और अक्सर सामाजिक, आत्म-सहायता व संचार कौशल में कठिनाइयों का अनुभव होता है।

www.teachersofbihar.org

राकेश कुमार

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



चीन के वैज्ञानिकों ने एक **क्रांतिकारी खोज** की है।
दुनिया का पहला **'बोन ग्लू'** (हड्डी जोड़ने वाला पदार्थ),
जो टूटी हड्डियों को सिर्फ **2-3 मिनट** में जोड़ सकता है।

# Teachers of Bihar

The change makers



## गुणकारी सब्जियां

### अरबी के पत्ते



मुझमें vit.A,B,C, आयरन , कैल्शियम पोटेशियम ,प्रोटीन, फाइबर, सोडियम और एंटी आक्सीडेंट गुण पाया जाता है।

Anu priya

**Teachers of Bihar**
The change makers

## English TLM

# Homophones

Words that sounds the same but spelled differently and have different meanings

**Reed**



**गन्ना**

**Read**



**पढ़ना**

# पद्य पंकज

"

मैं हैरान हूं,
उनकी चुप्पी देखकर
इसे उनकी सहनशीलता कहूं या
अंध श्रद्धा,या फिर मानसिक गुलामी
की पराकाष्ठा!!

---

**महादेवी वर्मा**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org



TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारत रत्न
भारतीय शास्त्रीय संगीत की गौरव
भारत रत्न
एम.एस. सुब्बुलक्ष्मी
की जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि।
16 सितंबर 1916 - 11 दिसंबर 2004
Madhu priya
teachersofbihar.org



ध्वज गीत

"विजय विश्व तिरंगा प्यारा,
झंडा ऊंचा रहे हमारा"के
रचयिता पद्म श्री

## श्यामलाल गुप्त "पार्षद"

की जयंती पर कोटि-कोटि नमन।




16 सितंबर 1893- 10 अगस्त 1977

Madhu priya

www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
विश्व ओजोन दिवस
16 सितंबर
Madhu priya
www.teachersofbihar.org